विश्व पशुचिकित्सा दिवस पऱ - चिंतन एवं संदेश

आज दिनांक 25 अप्रेल 2020 को संपूर्ण दुनिया में विश्व पशुचिकित्सा दिवस मनाया जाता है। पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविदयालय, जबलपुर भी प्रत्येक वर्ष इस महत्वपूर्ण दिवस को उत्साह एवं पशुओं की सेवाओं के साथ मनाता है। परंतु वर्तमान परिदृश्य में संपूर्ण जग एक वीभत्स एवं लाइलाज महामारी (कोरोना) से ग्रसित है, इस कारण जनसमूहों के स्वास्थ्य व उपचारध्टीकाकरण के दौरान होने वाले जनसमूहों के जमाव को ध्यान में रखते हुये, चिंतन कर संदेश दिया जा रहा है। विश्वविदयालय के मा. कुलपति डा. सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जैसे ही हम सब इस विपदा से बाहर आयेंगें, विश्वविदयालय द्वारा विश्व पशुचिकित्सा दिवस का अतिउत्साह से आयोजन किया जावेगा, उक्त आयोजन में संपादित किये जाने वाले शिविरों/ टीकाकरण/ व्याख्यानों आदि का व्यापक प्रबंध किया जावेग।



साथ ही ग्रामों में जाकर पशुओं के स्वास्थ्यध्बीमारियों की जांच की जावेगी एवं श्वानों का रैबिज का निरूशुल्क टीकाकरण भी किया जावेगा। वर्तमान स्थिति में हमारें वैज्ञानिकों द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य, बीमारियां एवं संबंधित आवश्यकताओं के लिये एडवाइजरी जारी की गयी है, जो कि विश्वविदयालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है व किसी भी समय अतिआवश्यक उपचार हेतु लाये गये पशुओं का इलाज वर्तमान में पशुचिकित्सालय में किया जा रहा है। 24 घण्टे आपात स्थिति में अस्पताल अधीक्षक, जो कि अस्पताल परिसर में ही निवासरत है अपनी सेवायें दे रहें है।

अंत में विटनरी विश्वविदयालय आप सभी पशु प्रेमियोंध्पालकों से अनुरोध करता है कि इस विषम घडी में यदि कोई पशु आपको भूखे दिखे तो उनके चारे इत्यादि की व्यवस्था करें अथवा वे बीमार है तो नजदीकी पशुचिकित्सालय में संपर्क कर उपचार करवाकर मानवता व इंसानियत की मिसाल बन दूसरों को यही कार्य करने हेतु उत्साहित करें।